हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 सितंबर 2025

06 निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का किया...



07 जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता...





**खबर संक्षेप में**

### कैलाश विजयवर्गीय की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कांग्रेस का विरोध

**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा सीहोर जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता अपराजिता पाण्डे के मुख्य आतिथ्य में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर अपराजिता पाण्डे ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि नवरात्रि के अवसर पर जब पूरा देश माँ दुर्गा की अराधनना में लीन है, वहीं माँ जो नारी शक्ति की प्रतीक है, शक्ति और सम्मान की देवी है, ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी पर दिया गया शर्मनाक बयान न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि बहन-भाई के पवित्र रिश्ते को भी कलंकित करने वाला घोर पाप है। महिलाओं पर की गई विवादित और अवाध्य टिप्पणियाँ न केवल अपमानजनक हैं, बल्कि समाज की गरिमा को भी ठेस पहुँचाती हैं। कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व में भी बयान दिया कि उन्हें कम कपड़े पहनने वाली महिलाएं पसंद नहीं। इतना ही नहीं, वे बार-बार पश्चिमी पहनावे की आलोचना करते हुए भारतीय संस्कृति की आड़ में महिलाओं की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल खड़े करते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने कहा कि देश की हर बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी कटिबद्ध है। हम माँ दुर्गा की शक्ति से भाजपा सरकार की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ निरंतर संघर्ष करेंगे। और चुप नहीं बैठेंगे।

## मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ : एक लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

# मां बगलामुखी के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी पर शारदीय नवरात्रि के दौरान रविवार को मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। दर्शन के लिए भक्तों को काफी इंतजार भी करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी, इस दौरान एक लाख से अधिक भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मां बगलामुखी मंदिर पर एक दिन में दर्शनार्थियों के पहुंचने के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। जिसके चलते मंदिर पहुंचने वाले प्रमुख मार्ग पर आमला से नलखेड़ा तक 15 किलोमीटर में चौपहिया वाहन रेंगते हुवे चल रहे थे। हवन कुंड पर भी भक्तों को हवन -अनुष्ठान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। इस दिन हजारों की संख्या में भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन-अनुष्ठान किया।

रविवार को नवरात्रि पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर व मंदिर मार्ग पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। चारो ओर से भक्तों का सैलाब माता के दर्शन हेतु आता हुआ दिखाई दे रहा था। अल सुबह मंगला आरती के पूर्व से ही प्रशासन द्वारा डोम में लगाये गए बेरिकेट्स भक्तों से भर गए थे। दर्शनार्थी सुबह 4 बजे से ही कतार में लग गए थे। सुबह 6 बजे मंगलाआरती आरती के बाद दर्शन प्रारंभ हुए। जैसे- जैसे समय बीतने लगा वैसे- वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई और एक लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शनार्थ के लिए माता मंदिर पहुँचे। भक्तों को मातारानी के दर्शन के लिए एक से डेढ़ घंटे तक लाइन में खड़े रहकर प्रतिक्षा करना पडी। यह स्थित पट बंद होने के समय रात्रि 11 बजे तक बनी रही।

पर्व के इन दिनों में मातारानी का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है। माता के हो रहे इस स्वर्ण श्रृंगार रूप का दर्शन करने के लिए यहां पहुंच रहे भक्त माता रानी की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहे थे। मंदिर समिति द्वारा इस नवरात्रि पर 120 हवन कुंड बनाए गए थे। जहां पर भी भक्तों को हवन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। प्रशासन द्वारा नवरात्रि के दौरान भक्तों को गर्भ गृह व सभा मडंप के बहार से ही माता रानी के दर्शन करवाया जा रहे हैं। नवरात्रि पर्व के इन दिनों में श्रद्धालुओं को अधिक भीड़ होने के कारण वाहन पार्किंग के लिए मशक्कत करना पड़ रही है हालांकि प्रशासन द्वारा तीर्थ यात्री सेवा सदन सहित पांच से अधिक स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वाहनों की संख्या काफी अधिक होने से वाहन चालकों द्वारा मुख्य मार्ग के किनारों पर भी वाहन खड़े कर दिए गए थे। वाहनों की संख्या बढती देख गुदरावन रोड़ स्थित शिशु मंदिर, दादावाड़ी, पुरानी कृषि उपज मंडी रोड़ सहित कई स्थानों पर भी



वाहन पार्किंग करवाई गई। इन सभी के बावजूद आमला नलखेड़ा पर 15 किमी तक का सफर चौपहिया वाहनों को रेंगते हुवे करना पड़ा। जिसमे उन्हें एक से दो घंटे का समय लग रहा था।

### युवाओं ने संभाली यातायात व्यवस्था

सुबह से ही वाहनों की संख्या को देखते हुए एवं हर स्थान पर पुलिस बल सम्भव नही होने की दशा में नगर के कई युवाओं द्वारा नगर की अंदरूनी यातायात व्यवस्था सम्हाल ली थी। मंदिर मार्ग से लेकर शिवाजी चौराहा सरदार पटेल चौराहा लखुंदर नदी के किनारे पर बने बायपास मार्ग पिलवास चौराहा सहित अन्य कई स्थानों पर युवाओं द्वारा सफलता पूर्वक यातायात व्यवस्था को सम्हाला। इसके साथ ही रविवार को सुबह से ही मंदिर व मंदिर के बाहर माता भक्तों द्वारा व्यवस्थाएं सम्हाल रखी थी।



### चेन स्नेचिंग गिरोह रहा सक्रिय

*भक्तों की भारी भीड़ में चेन स्नेचिंग गिरोह भी सक्रिय रहा। सुबह से शाम तक कई महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनने की घटनाओ की भी जानकारी प्राप्त हुई। गिरोह के सदस्यों द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर उक्त आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया।*

### प्रतिबंध के बाद भी पहुंची चुनर यात्राएं

*प्रशासन द्वारा रविवार को सिद्धपीठ पर चुनर यात्रा प्रतिबंधित की गई थी लेकिन इसके बाद भी कई चुनर यात्राएं पहुंची। इन चुनर यात्राओं के कारण मंदिर मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही।*

### नगरवासियों द्वारा की गई जलसेवा

*नगर में नगरवासियों द्वारा स्थान स्थान पर जल सेवा का पुनीत कार्य किया गया। दूर दूर से आये भक्तों के लिए पीने के पानी के लिए स्टॉल लगाकर उन्हें गर्मी व उमस भरे वातावरण में आग्रह कर पानी पिला रहे थे। इसके साथ ही नागरिकों द्वारा जाम की स्थिति से बचने के लिए वाहन चालकों को अन्य मार्गो से होकर गंतव्य तक पहुंचने के मार्ग भी दिखाए गए।*

### प्रशासन अलर्ट रहा

*बगलामुखी मंदिर पर रविवार को हजारों की संख्या में माता भक्तों के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग सहित राजस्व विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ अन्य विभाग के कर्मचारी व्यवस्था संभालने के लिए मंदिर परिसर तथा परिसर के बाहर अलर्ट दिखाई दिए। मंदिर समिति अध्यक्ष एसडीएम सर्वेश यादव, मंदिर समिति सचिव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव ,एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी नागेश यादव, नायब तहसीलदार चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत, पटवारी रामपाल सिंह तोमर, मुकेश चौहान मंदिर की व्यवथाओ को संभालते दिखाई दिए और भक्तो को मां के दर्शन सुगमता से हो उसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी।*

## प्रसिद्ध शक्तिपीठ में से एक है कानड़ का मां हिंगलाज देवी मठ

# तंत्र साधना व गायत्री पाठ की सुनाई देती है गूंज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नवरात्रि के चलते हम ऐसी शक्ति पीठ के दर्शन करना चाहते हैं जो तंत्र साधनाओं से प्रचलित एवं मां की अद्भुत महिमा का साक्षी है। नगर में हिंगलाज देवी मठ है जिसकी प्रसिद्ध व प्राचीनता इस प्रकार है जैसे मां पितांबर पीठ नलखेड़ा की मां बगलामुखी। जिनका पहला मंदिर नेपाल में दूसरा मध्यप्रदेश के दतिया में और तीसरी आगर मालवा के नलखेड़ा में ठीक इसी प्रकार मां हिंगलाज मठ भी एक ही है जो नगर के ठाकुर मोहल्ला कानड़ नगर में बरसों से विराजमान है तथा दूसरा मंदिर पाकिस्तान के बलूचिस्तान के हिंगुल नदी के नजदीक स्थित है यही इनकी प्रसिद्ध व प्राचीनता का प्रमाण है। मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले के विकासखंड कानड़ नगर में स्थित है हिंगलाज देवी मठ जहां तंत्र साधना का विशेष महत्व है। यहां से ऐसी आस्था जुड़ी है मंदिर में देवी के दर्शन के लिए आसपास के जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्त दर्शन के लिए आते हैं हिंगलाज देवी मठ के पुजारी आशीष चतुर्वेदी ने अपनी जानकारी में बताया कि कई वर्ष पूर्व की परंपरा अनुसार इस देवी मठ में नवरात्र के पावन पर्व पर द्वितीय अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को नवरात्र के दिनों में मां की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाती है मठ के अंदर हवन पूजन व दुर्गा सरस्वती का पाठ होता है। शारदीय नवरात्रि में रोज देवी की आरती के बाद बालिकाओं द्वारा मठ में गरबा की प्रस्तुति दी जाती है तथा 9 दिनों तक मां हिंगलाज देवी के दर्शन अलग-अलग स्वरूपों में किया जाता है 9 दिनों तक नवरात्रि के दर्शन के लिए भक्तों दर्शनार्थियों का ताँता लगा रहता है।



# मां बिजासन भक्त मंडल ने निकाली चुनर यात्रा

**कानड़।** नवरात्रि महापर्व के दौरान नगर में रविवार को मां बिजासन भक्त मंडल द्वारा चुनर यात्रा निकाली गई। यात्रा का प्रारंभ नगर के ठाकुर मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज देवी मठ से बैंड़ बाजे व ढोल के साथ शुरू हुई जो कन्या शाला स्कूल, माली मोहल्ला राजवाड़ा चौक बजरंग मोहल्ला पीपल चौक, माता चौहारा,पचलाना रोड़ नवीन बस स्टैंड,पुराना बस स्टैंड से होते हुए मां बिंजासन के आंगन पहुंची जहां भक्तों द्वारा मां माता रानी को पूरे विधि विधान से चुनरी ओढ़ाई गई। चुनर यात्रा में विश्व हिंदू परिषद व मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहने एवं नगर कि महिला व युवतियां शामिल हुई चुनर यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन तैनात दिखाई दिए।




## फसल कटाई प्रयोग बनाकर किया उत्पादन का आकलन

# सोयाबीन फसल का सर्वे हुआ शुरू किसानों को बंधी भरपाई की आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



अंचल में इस साल अतिवृष्टि और पीला मोजेक के कारण सोयाबीन के उत्पादन में भारी कमी और कई स्थानों पर उत्पादन में 50 से 80 प्रतिशत तक की गिरावट की बात किसानों द्वारा की जा रही है। साथ ही सर्वे करने की मांग की जा रही थी, जिसको लेकर वास्तविक पैदावार का आकलन करने के लिए रविवार को उपतहसील कानड़ के पटवारी हल्का में कृषि विस्तार अधिकारी पटवारी ग्राम द्वारा सोयाबीन के औसत फसल उत्पादन के आकलन के लिए फसल कटाई प्रयोग प्रारंभ किए गए। जिसमें 5 बाय 5 मीटर का प्लाट बनाया जाता है तथा उसकी कटाई कर उसका वजन लिया जाता है जिससे एक हेक्टेयर उत्पन्न होने वाले औसत वजन का आकलन प्राप्त होता है। इसी क्रम में तहसील आगर के ग्राम सामगीमाना, पचौरा, बोरखेड़ी, खाकरी, घोंसली, मथुराखेड़ी, कस्बा कानड़ में कृषि विस्तार अधिकारी पीयूष चौबे, निलेश डाबर, लक्ष्मीनारायण कौशिक पटवारी पंकज बाजपेयी, शिवपाल सिंह सोनगरा, पवन डोर, कमल खिंची, जगदीश पाटीदार द्वारा फसल कटाई प्रयोग बनाए गए।

### सर्वे के बाद आंकड़े सरकार को भेजे जाएंगे

हल्का पटवारी पवन डोर ने जानकारी दी कि खरीफ और रबी फसलों के उत्पादन की स्थिति जानने के लिए क्रॉप कटिंग की जाती है। शासन स्तर से हर गांव में कुछ किसानों के खेत सर्वे क्रमांक पर चयनित किए जाते हैं, जहां क्रॉप कटिंग कर कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। ये आंकड़े शासन को भेजे जाते हैं, जिनके आधार पर नुकसान का आकलन किया जाता है। इसके बाद शासन स्तर से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाती है।

# कर्मों की निर्जरा होने पर हम भी समवशरण में विराजमान हो सकते हैं : विवर्धन सागर



**नलखेड़ा।** भक्ति की महिमा से भव्य जीव बहुत सारे कर्मों की निर्जरा कर लेता है। कर्मों की निर्जरा होने पर हम भी एक दिन समवशरण में विराजित होकर जिनेंद्र देव की पूजा करेंगे। पूर्व भव में अच्छे कर्म करने पर ही हमें मनुष्य भव प्राप्त हुआ है। अच्छे कर्म व भाव के कारण ही हमें समवशरण विधान में बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ससंघ विराजित है। मुनि संघ की पावन निश्रा में त्यागी भवन में चल रहे समवशरण मंडल विधान पूजन के षष्टम दिवस के प्रवचन में यह बात मुनिश्री द्वारा कही गई। मुनि श्री ने कहा कि समवशरण की रचना कुबेर अंर्त मुहूर्त में कर देता है। चतुर्थ काल में भगवान का वास्तविक समवशरण लगता है। वास्तविक समवशरण मैं हम भी एक दिन विराजमान होंगे ऐसी भावना हमें भाना चाहिए। संतो, धर्म व स्वाध्याय में हमें प्रीति बढ़ाना चाहिए। भक्ति की महिमा से भव्य जीव बहुत सारे कर्मों की निर्जरा कर लेता है। उन्होंने कहाकि सौधर्म इंद्र भक्ति के साथ तांडव नृत्य करता है। रावण के महल में शांतिनाथ भगवान का विशाल चैत्यालय था। जहां वह भक्ति करता था। भक्ति के समय वह वीणा अपने हाथ में रखकर बजाता था। भक्ति के समय वीणा का तार टूटने पर वह अपने हाथ की नस काट कर वीणा में लगा देता है। ऐसी रावण की भक्ति थी। सिंहासन, मुकुट से राजा की शोभा होती है।

मुनिश्री ने बताया कि उप श्रेणिक राजा अपने उत्तराधिकारी के लिए ज्योतिष से पूछता है। ज्योतिष राजा से कहता है कि आपके महल में आग लगने पर जो आपके राज्य चिन्ह को बचा लेगा वहीं राजा बनेगा। इस प्रकार आग लगने पर एक राजकुमार राजा के सिंहासन को उठाकर आग से बचा लेता है। इस प्रकार ही धर्म के प्रति हमारी भक्ति होना चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि भगवान की आराधना व भक्ति के समय सिर्फ जिनेंद्र भगवान ही दिखाना चाहिए। भावपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान करने पर निश्चय ही हमें उपलब्धि प्राप्त होगी। हम सभी का सौभाग्य है कि हम समवशरण विधान के माध्यम से भगवान की भक्ति कर रहे हैं। धर्म के इस सौभाग्य को हमें खोना नहीं चाहिए।

## महायज्ञ और शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय आयोजन का समापन होगा 30 को

# भरत चक्रवर्ती महाराजा हाथी पर सवार होकर सुदर्शन चक्र के साथ दिग्विजय यात्रा पर निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर की सड़कों पर जब प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के पुत्र तथा अयोध्या पति चक्रवर्ती महाराजा भरतजी हाथों में सुदर्शन चक्र लेकर हाथी पर सवार होकर पूरे राजशाही ठाट बाट एवं लाव लश्कर के साथ दिग्विजय यात्रा पर निकले तो हर कोई इस दृश्य को देखकर अपने आप को धन्य व सौभाग्यशाली समझ रहा था। चक्रवर्ती की इस दिग्विजय यात्रा मैं सुसज्जित रथों पर इंद्र - इंद्राणी विराजमान थे। वहीं बड़ी संख्या में समाजजनों ने दिग्विजय यात्रा में हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक भाग लिया। यात्रा मार्ग पर समाजजन भरतजी की निकली सवारी, भरतजी की लीला है न्यारी न्यारी, जैसे धार्मिक गीतों पर नाचते झूमते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान पूरा नगर धर्ममय बना हुआ था। नलखेड़ा नगर की धर्मधरा पर पहली बार दिगंबर जैन समाज में प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ससंघ की प्रेरणा व पावन निश्रा में प.पू. आचार्य भगवंत विराग सागर जी महाराज साहब के दिव्य आशीष व आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज साहब के आशीर्वाद से विराग विवर्धन चातुर्मास समिति तथा दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में 22 सितंबर से नौ दिवसीय श्री 1008 समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है।



आयोजन के तहत रविवार को दोपहर 1:30 बजे चौक बाजार स्थित त्यागी भवन से अयोध्यापति भरत चक्रवर्ती की भव्याति - भव्य दिग्विजय यात्रा पूरे लाव लश्कर के साथ नगर में निकाली गई। जिसमें चक्रवर्ती महाराजा भरत बनने के लाभार्थी पवनकुमार प्रेमचंद पांडिया अपनी भार्या के साथ हाथी पर विराजित होकर अपने हाथों में सुदर्शन चक्र लिये हुए थे। वहीं 6 सुसज्जित बग्गियों (रथ ) में महोत्सव के मुख्य पात्र के रूप में पूजन में बैठे सौधर्म इंद्र- इंद्राणी मनीष कुमार प्रेमचंद गोधा परिवार, कुबेर इंद्र नवीन कुमार सौभाग्यमल पाड़यिा परिवार, यज्ञ नायक इंद्र- इंद्राणी वैभव राखी जैन, ईशान इंद्र- इंद्राणी सुनील कुमार नेमीचंद पाड़यिा परिवार, महेंद्र इंद्र - इंद्राणी अभिषेक पूजा जैन, सनत कुमार इंद्र - इंद्राणी प्रेमचंद तिलकादेवी जैन इंद्र इंद्राणी की राजश्री वेशभूषा में बैठे हुए थे।

**खबर संक्षेप**

## खेत में पटवारी ने क्रॉप कटिंग कराई



**चापड़ा।** इस वर्ष सोयाबीन फसल को लेकर किसान काफी परेशान है। एक तरफ महंगा बीज खरीद कर किसानों ने बोवनी कि थी, वहीं दुसरी ओर फसल खराब होने बाद उसका भाव भी नहीं मिल रहा है। हालांकि किसानों के विरोध व मांग पर सर्वे व क्राप कटिंग तो की जा रही है लेकिन किसानों को इसका लाभ मिलेगा की नहीं यह अभी कहा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि 2024 में भी यही हुआ था , जिसमें भारी नुकसान किसानों का हुआ था, लेकिन सरकार कि ओर से कोई राहत नहीं मिली व बीमा राशि भी कई हल्कों में किसानों को नहीं मिली। शनिवार को कमलापुर के हल्का नंबर 14 के पटवारी गौरव जोशी एवं स्थानीय सर्वेयर सुनील जाट द्वारा खेत में पहुंचकर सोयाबीन फसल की क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें एक सर्वे में 5x5 वर्ग मीटर में 2 किलो 600 ग्राम एवं एक अन्य खसरे में 2 किलो सोयाबीन निकाली गई जो बहुत कम मानी जा रही है। इस पर किसान संघ के राकेश जाट, कल्लू काजी एवं किसान नईम काजी, जुबेर एवं लोकेंद्र राजपूत आदि किसान मौजूद थे, जो फसल क्रॉप कटिंग में निकाली गई, वह बहुत ही कम है। किसानों ने शासन से मांग की है, कि जो सोयाबीन पीला मोजेक एवं अन्य बीमारी से प्रभावित हुआ है, उसका जल्द से जल्द मुआवजा, बीमा दिया जाए।

## बिजली कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी गठित

**देवास।** बीएमएस की क्या पहचान त्याग तपस्या और बलिदान, देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम,भारत माता की जय इत्यादि उद्घोष के साथ संयुक्त महामंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं प्रभारी बिजली आशीष सिंह , प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडेय ,प्रदेश अध्यक्ष बिजली कर्मचारी महासंघ अशोक कुमार शुक्ला तथा देवास महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ का त्रेवार्षिक अधिवेशन वृत कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ।सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा मां भारती की तस्वीर पर पूजा अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात प्रथम सत्र में अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया।

### कलेक्टर-एसपी सहित प्रशासन के तमाम आला अधिकारियों ने रातभर संभाली व्यवस्था की कमान

# शारदीय नवरात्र: माता टेकरी पर लाखों भक्तों ने किए दर्शन, देर रात तक दर्शन के लिए लगी कतारें




शनिवार शाम से ही माता टेकरी पर भक्तों की संख्या बढना शुरू हो गई थी,जो नवरात्रि के सातवें दिन रविवार देर रात तक जारी रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

माँ चामुण्डा की पावन नगरी देवास में नवरात्रि के दौरान शनिवार देर रात माता टेकरी पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन किए। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों में लंबी कतारें लगी रहीं। शनिवार शाम से ही माता टेकरी पर भक्तों की संख्या बढन्ना शुरू हो गई थी।

नवरात्रि के सातवें दिन रविवार होने के कारण सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शंखद्वार और सीढ़ी द्वार पर जिगजैग बैरिकेडिंग का प्रयोग किया। इससे दूर-दराज से आने वाले भक्तों को सुगमता से दर्शन हो सके। शहर में जगह-जगह वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई। शनिवार रात को दर्शनार्थियों की अधिक संख्या को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोत सहित अन्य अधिकारी माता टेकरी पर मौजूद रहे। उन्होंने रातभर कंट्रोल रूम से गतिविधियों पर नजर रखी और भीड़ नियंत्रण के निर्देश दिए। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी। नवरात्रि के अवसर पर पूरा शहर दुल्हन की तरह सजा हुआ है। जगह-जगह माता के पंडालों में शाम से देर रात तक गरबों की धूम मची रही। कई कॉलोनियों में नन्ही बालिकाओं और युवतियों को गरबा करते देखा गया, जहां हर कोई भक्ति में लीन नजर आया।










### बारिश के बीच बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

चापडा। नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नवरात्र पर्व नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के बैनर तले मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन लगभग 65 बालिकाओ द्वारा गरबा किया जा रहा है। नगर के अलग-अलग स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रतिदिन देशभक्ति सांस्कृतिक धार्मिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसी के चलते शनिवार रात्रि को किड्स पैलेस स्कूल एवं मां उमिया विद्या निकेतन हाई सेकेंडरी स्कूल चापडा के बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान बच्चों में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। साथ ही ग्रामीणों में भी अलग ही उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान झमाझम बारिश का दौर भी जारी रहा। बारिश होने के बावजूद भी ग्रामीण बड़ी संख्या में मंदिर पर उक्त कार्यक्रम देखने पहुंचे और बच्चों का हौसला अफजाई की। बारिश के बीच मंच पर बच्चों द्वारा मां कालिका,भगवान कृष्ण सहित कई धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। शनिवार को विजय सोनी, मनीष सोनी परिवार द्वारा मां अंबिका की महाआरती की गई एवं दूध का वितरण हुआ। साथ ही समिति के सदस्य स्व. विकास राजपूत की पुण्यतिथि पर परिवार की ओर से केले का वितरण किया गया।

### डिस्पोजल मुक्त भंडारा: मां शिव शक्ति सेवा मंडल की स्वच्छ भारत की ओर पहल

**देवास।** मां शिव शक्ति सेवा मंडल जो कि प्रतिवर्ष बीते 16 वर्षों से नवरात्रि में पूरी नवरात्रि की रात्रिकालिन विशाल भंडारे का आयोजन करती है। इस वर्ष संस्था ने स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए एक सराहनीय और प्रेरणादायी कदम उठाया है। मंडल द्वारा आयोजित भंडारे में इस वर्ष कम से कम डिस्पोजल का इस्तेमाल करना और जिसमें प्लास्टिक और थर्माकोल जैसी प्रदूषणकारी वस्तुओं का उपयोग न करते हुए केवल स्टील बर्तनों का प्रयोग किया गया। यह केवल प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संस्कार का भी अनूठा संदेश समाज तक पहुंचा।

# चापड़ा के युवक की शाजापुर में हुए सड़क हादसे मे हुई मौत, हादसे में पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर निवासी एक युवक की शाजापुर में सड़क हादसे मौत हो गई व पांच युवक घायल हुए। प्राप्त जानकारी अनुसार 6 युवक चापडा से देवास मां चामुण्डा दर्शन के लिए शनिवार रात्रि को आर्टिगा गाड़ी से रवाना हुए थे, जो दर्शन कर वापस चापडा की ओर आ रहे थे,तभी बरोठा से मां बगलामुखी के दर्शन करने लिए वापस नलखेड़ा की ओर निकले।नलखेड़ा जाते समय शाजापुर में गाड़ी का भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी अनुसार शाजापुर में आगरा मुंबई नेशनल हाईवे 52 पर सनकोटा के पास रविवार सुबह सड़क पर खड़े ट्रक से आर्टिगा गाड़ी कि भिड़ंत हो गई। भींडत इतनी भयानक थी कि गाड़ी पुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में 6 युवक सवार थे। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई एवं 5 घायल हो गए। सूचना मिलने पर संबंधित लालघाटी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों व मृतक के शव को शासकीय अस्पताल शाजापुर ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार कर दो गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी शाजापुर पहुंचे, जहां पर शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। गाड़ी में सवार कुंदन पिता संतोष धनगर,यश पिता कृपाल सिंह पटेल अमरपुरा, विकास पिता देवकरण धनगर चापडा,अजय पिता कुंजीलाला सेंधव अमरपुरा का इंदौर में उपचार जारी है। वही विशाल पिता अंबाराम जाट भी घायल हुआ हैं। हादसे में सुमित पिता किशोर पांचाल चापडा की मौत हो गई है। रविवार को चापडा मुक्ति धाम पर सुमित का अंतिम संस्कार किया गया। सुमित अपने घर का इकलौता चिराग था और हार्वेस्टर संचालित करता था। मामले कि जांच संबंधित पुलिस कर रही है।





# निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मुख्यमंत्री मोहन यादव के संभावित बागली दौरे को मद्देनजर रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती, उपसंचालक शिवनंदन प्रजापति द्वारा सांदीपनि विद्यालय बागली का निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह, सीएससी जनशिक्षा केंद्र बालक बागली बी योगेश तिवारी, विद्यालय प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी भारती ने निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर संबंधित आर्किटेक्ट से गुणवत्ता,प्रगति एवं भवन पूर्णता समय सीमा की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पानी सप्लाई की लाइन, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, भवन के मध्य प्रेयर ग्राउंड , बाउंड्रीवाल, खेल ग्राउंड का अवलोकन किया। कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने व अनावश्यक विलंब न हो के साथ निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूरा होने के निर्देश दिए।



### अनंता परिवार के भंडारे और महाआरती में भक्तों ने मातारानी का लिया आशीर्वाद

# जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों सहित श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा देवास भक्तिभाव में सराबोर नजर आ रहा है।

आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला रहा है। चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में संस्था अनंता परिवार द्वारा महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गत दिवस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों सहित हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए और मां दुर्गा की महाआरती में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय बलाई समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्रसिंह सेंधव, प्रकाशसिंह ठाकुर बबलू, भाजयुमो प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी, पवनसिंह सायल, पप्पी यादव, गुलाबसिंह, अर्जुनसिंह सेंधव, नरेन्द्रसिंह दरखेड़ा, पवनसिंह, रामकुमारसिंह सौरभ डेयरी, अशोक पोरवाल उपस्थित रहे।इसके साथ ही भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी, पार्षद अकीला अजबसिंह ठाकुर, रितु सवनेर, , भाजपा मण्डल अध्यक्ष मधु शर्मा, समाजसेविका पुष्पलता सोनगरा, सपना भरोसिया,विनीता व्यास, हिना राठौर, मीना भवालकर, अरुणा पटेल, संध्या आचार्य, रश्मि रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों का स्वागत संस्था संयोजक अजय सेंधव, अजबसिंह ठाकुर, दिनेश सांखला ने लाल दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया ।महाआरती के दौरान वातावरण "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा।

मातारानी की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर दिखे। महाआरती के उपरांत अतिथियों ने प्रसाद वितरण किया। फरियाली प्रसाद को हजारों श्रद्धालुओं ने आनंदपूर्वक ग्रहण किया। इस आयोजन में नवरात्रि का उल्लास और मातारानी के प्रति अगाध श्रद्धा स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम भमोरी फाटे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हुआ है।प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार सुबह भमोरी फाटे पर यह हादसा हुआ। मृतक के उपर वाहन का पहिया चढ़ने के कारण शव पूरी तरह बिखर गया। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर गड्ढों के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है। पुलिस सहायता केंद्र चापडा के प्रधान आरक्षक सचिन कश्यप ने बताया कि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक बाइक सवार की पहचान विशाल पिता जितेंद्र बामनिया निवासी गांधी कॉलोनी बागली के रूप में हुई। डायल 112 करनावद द्वारा शव व एक घायल को शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मृतक का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

**खबर संक्षेप**

### झांकी में युवक पर जानलेवा हमला

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम जरावली में रहने वाले जयहिन्द पुत्र उपदेश सिंह ने चिगलौआ चौकी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह झांकी के पास खड़ा हुआ था, तभी गांव की महिला प्रधान का पति राजबहादुर पुत्र अमरसिंह अपने भाई और लड़के के साथ आये और उससे बोले कि नचनारी के लिए पैसा दिया था, वह वापस करो। क्योंकि नचनारी नची नहीं है। इस पर उन्होंने कहा कि वह कमेटी में शामिल नहीं है, उसे झांकी से मतलब है। उन्होंने कमेटी से जाकर बात करने की बात कहते हुये बाथरूम चला गया। पीड़ित का आरोप है कि राजबहादुर ने अपने भाई प्रहलाद व राजाजी के साथ पीछे से आकर उसके साथ मारपीट कर दी और धारदार हथियार से हमला कर दिया। किसी प्रकार वह छूटकर भागा, उक्त लोग उसे जान से मारने की नीयत से पीछे भागे और धमकाते रहे। आरोप है कि उक्त लोग बोलेरो लेकर भाग गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### माता पंडाल में अश्लील गाने बजाने पर की गई कार्रवाई

**ललितपुर।** मां भगवती की भव्य झांकी में बजाये जा रहे अश्लील गानों के कारण महिलाओं को हो रहीं परेशानियों को लेकर पुलिस ने कार्यवाही की है। थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक गोविन्द लाल के साथ ग्राम निवाई में गश्त कर रहे थे। तभी रात करीब 11.30 बजे निवाई गांव के अंदर माता भवानी चौक मंदिर जाने वाले रास्ते पर श्रीमती सीमा परिहार के मकान के पास लगे नवरात्रि पाण्डाल में पहुंचे, जहां माता भवानी चौक मंदिर को महिलाएं जा रहीं थीं और पाण्डाल में भी काफी संख्या में महिलाएं बैठी थीं। कमेटी के अध्यक्ष मोहन पुत्र कम्बोद व सदस्य सोमचंद्र उर्फ सोनू पुत्र गनेश, महेश पुत्र राजाराम, सूरज पुत्र दौलत, भूपेन्द्र पुत्र बृजभान, महेन्द्र पुत्र खुशीलाल, राजकुमार पुत्र घनश्याम, जयराम पुत्र मोतीलाल, रामकिशन पुत्र सुखलाल, भरत पुत्र कोमलचंद्र द्वारा पाण्डाल जो कि सार्वजनिक स्थान भी है में अश्लील गाने बजा रहे थे और गाना किया जा रहा था। इससे वहां बैठी व आने जाने वाली महिलाओं को क्षोभ हो रहा था। आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा महिलाओं को देखकर अश्लील गानों की आवाज तेज कर देना, सीटी बजाना और हूटिंग करना जिससे महिलाएं शर्मसार हो रहीं थीं। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मां काली माता के दर्शन को जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना गिरार अंतर्गत ग्राम रमगढ़ा निवासी संजू रायकवार पुत्र ग्यासी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 26 सितम्बर को रात करीब 10 बजे वह अपने घर से मोटर साइकिल लेकर गांव में ही काली माता के दर्शन को जा रहा था। तभी रास्ते में सड़क पर वह रूका, तभी गांव के रंजीत यादव पुत्र संतोष, पुशन यादव पुत्र गोटा, इन्द्रपाल पुत्र ललखूं एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे मोटर साइकिल से नीचे गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा ने की सैंपलिंग

**ललितपुर ।** नवरात्रि पर्व और दशहरा को ध्यान में रखकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेशऔर जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बर्नी चौराहा स्थित दयाराम यादव की डेयरी से पनीर का नमूना, रामबाबू की दुकान राजघाट रोड से बेसन का नमूना, तथा राजाराम पिस्नारी बाग से सोयाबीन रिफाइंड का नमूना संग्रहीत कर कुल * नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए।टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय, नागेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

---

**विश्व पर्यटन दिवस पर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन**

# जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता: हेमलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व पर्यटन दिवस पर जिले के विद्यालयों में पोस्टर डिजाइनिंग, ट्रैवलॉग लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जिले के पर्यटन स्थलों पर आधारित पोस्टर्स, निबंध एवं ट्रैवलॉग लेखन का कार्य किया। इस दौरान पर्यटक अधिकारी हेमलता ने जनपद के पर्यटन स्थलों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन कर जिले के पर्यटक स्थलों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि जनपद में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। यहां धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक स्थल मौजूद है। यदि इन पर्यटक स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाए एवं पर्यटन धरोहरों, उत्पादों का प्रचार प्रसार किया जाए तो निश्चित ही ललितपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन आर्थिक विकास, सतत विकास एवं संस्कृतियों को साझा करने का एक माध्यम है जिसके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी बढ़ावा मिलता है एवं रोजगार का भी सृजन करता है। पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल ने कहा कि विश्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये संयुक्त राष्ट्र




महासभा ने वर्ष 1980 में इसकी शुरूआत की। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य देश दुनिया के कौन-कौन में पर्यटन को बढ़ावा देना है जिससे रोजगार के साथ-साथ देश की आय भी बढ़े। ट्रैवल और टूरिज्म के क्षेत्र में पर्यटन विकास के अग्रणीय संगठनों ने भारत को सबसे ज्यादा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों के रूप में बताया है, यहां विशाल नदियां, सुन्दर तालाब, कलकल करते झरनों के साथ-साथ ऐतिहासिकता कण-कण में समाहित है। यहां के सांस्कृतिक रंग और ऐतिहासिक धरोहरें किसी परिचय की मोहताज नहीं है। विश्व पर्यटन दिवस पर पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लाइफ विजन एकेडमी और प्रशांति विद्या मंदिर में ट्रैवलॉग लेखन, पर्यटन स्थलों पर आधारित पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजित प्रतियोगियों मैं शिवानी पटेल, सोनाक्षी यादव, सम्यक जैन, तेजस्विनी, शिवा दोहरे, रिहान, अलभ्या पुरोहित, आस्था, अलंकृत, निर्वेश, खुशबू, अनाया, विधि, वंशिका, हिमांशी, मोहम्मद अरहान, फैजल, अफीफा खान, अर्जिता, आर्यन, कृतिका, आरोही, जैद, रहनुमा, महिमा, आलीबाबा, आलीशान, अरहान, शुभ, अरुण राजपूत, कीर्ति पंथ, भगवानदास, अंजलि, महेश, पूजा झा, जानवी वर्मा, सीता राजपूत, अनामिका विजयी रहे। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, गब्बर सिंह, सभी स्कूलों के प्रतिभागी छात्र, छात्राएं एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

---

**बुंदेलखंड विकास सेना की बैठक में अव्यवस्थाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई**

# मेडिकल कॉलेज को स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस किया जाना चाहिए : टीटू कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में स्थानीय कंपनी बाग में आहूत हुई । बैठक में ललितपुर के राजकीय स्वायत्तशासी मेडीकल कॉलेज की चरमराती स्वास्थ्य सेवाएं , घोर अव्यवस्थाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई । बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर का राजकीय मेडीकल कॉलेज जहां पर हजारों लोग प्रतिदिन अपने इलाज के लिए आते हैं , और यहां आकर जब मेडीकल कॉलेज के स्वयं बीमार पाते हैं तो उनको बड़ी निराशा होती है ।उन्होंने कहा कि मरीजों को अपने इलाज के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ती है। पर्चा बनबाने से लेकर इलाज कराने तक मरीजों को लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। जिस कारण मरीजों को पूरा दिन लग जाता है। ऐसे में प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता है। बु. वि.सेना प्रमुख ने कहा कि चिकित्सक अपने चेम्बर में नहीं मिलते हैं और पता करने पर अपना रटा रटाया बहाना बना दिया जाता है कि चिकित्सक राउंड पर हैं जबकि चिकित्सक राउंड पर होने का बहाना बनाकर



प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त रहते हैं। इसके अलावा मरीजों को बाहर की दवाईयां लिखी जाती है।

### पलंग के अभाव में मरीज जमीन पर लेटने के लिए बाध्य हैं

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि इमरजेन्सी वार्ड में और अन्य वार्डों में पलंग के अभाव में मरीज जमीन पर लेटने के लिए बाध्य हैं । मरीजों को धुली हुई बेडशीट नहीं मिलती है। मरीजों को शुद्ध पेयजल नही मिल रहा । जगह जगह मेडीकल वेस्ट के ढेर लगे हुए हैं जिस कारण संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ सहानूभूति का व्यवहार करने की बजाय अमानवीय वर्ताव किया जाता है । मामूली बीमारियों में मरीजों को बाहर रिफर कर दिया जाता है । मरीजों से स्टॉफ द्वारा रुपये ऐठनें की भी तमाम शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि जनपद का जिला संयुक्त चिकित्सालय ( मेडीकल कॉलेज )जो कि पूरे जिले की लाखों की आबादी को कवर करने के लिए है वह घोर असुविधा लापरवाही और बदइंतजामी का सबब बन गया है । यहां पर चिकित्सा सुविधा के नाम केवल खानापूर्ति हो रही है । इतनी बड़ी आबादी की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए एक भी कार्डियोलोजिस्ट मौजूद नहीं । ट्रामा सेन्टर की बिल्डिंग होने के बाबजूद आर्थोपेडिक सर्जन की कमी है।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार व्याप्त

जनरल फिजीशियन, ओन्कोलोजिस्ट, ऐन्डोक्रायोनोलोजिल्ट, नेफोलोजिस्ट, न्यूरोलोजिस्ट समेत तमाम पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है बु. वि. सेना ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्थाओं को दूर करके सभी सुविधाओं से लैस किया जाय अन्यथा की स्थिति में बु वि सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने के लिए बाध्य हो जायेगी। बैठक में बु. वि सेना के जिला कमांडेंट सुधेश नायक,वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया,राजकुमार कुशवाहा, कदीरखां, अमरसिंह बुन्देला, सुरेश झा, बीडी.चन्देल, प्रदीप पंडित, विनोद साहू ,फूलचंद रजक, प्रेमशंकर गुप्ता, गफूर खां, मोहन, प्रमोद, भैय्यन कशवाहा आशाराम, मजबूतसिंह केपीराजा प्रिन्स, राजाराम प्रकाश झा, श्रीराम राजपूत पुष्पेन्द्र शर्मा नंदू सोनी, बृजेन्द्र पारासर, प्रदीप साहू , टिंकू सोनी, कामता भट्ट,अमित जैन आदि मौजूद रहे ।

---

**नपाध्यक्ष के लिए उपचुनाव**

# भाजपा ने निवृत्तमान अध्यक्ष की पुत्रवधू को बनाया प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने काफी जद्दोजहद के बाद प्रत्याशी की घोषणा की है। निवृत्तमान अध्यक्ष की पुत्रवधू सोनाली पत्नी विवेक जैन अभिलाषा को प्रत्याशी घोषित किया भाजपा में जहां घोषणा के बाद हर्ष की लहर है वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं में भी आक्रोश देखा जा रहा है ।कुछ पार्टी के ही संगठनों ने ही खिलाफ का मोर्चा खोल रखा है संगठनों का कहना है की जमुनी वर्तमान अध्यक्ष की पुत्रवधू को टिकट देनी थी तो आवेदन मांगने जैसा दिखावा करने की आवश्यकता क्या थी उपचुनाव के लिए 31 लोगों ने आवेदन किए थे जानकारी मिल रही है कि सारे आवेदन ललितपुर जनपद का बटवारा करने वाली बेतवा नदी में ही में ही सारे आवेदनों की भेंट चढ़ा दी गई।



### आज नॉमिनेशन के लिए यात्रा निकालेंगे

भाजपा के प्रत्याशी के ससुर मुन्नालाल जैन ने बताया की सोमवार सुबह 11:30 बजे तुवन मंदिर के पास जहां सांसद कार्यालय चुनाव हुआ करता था वहीं से एक जुलूस के रूप में नॉमिनेशन के लिए यात्रा प्रारंभ होगी जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के अलावा सदर विधायक राम रतन कुशवाहा राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे हरिराम निरंजन बब्बू राजा सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश लोधी गंधर्व सिंह लोधी धर्मेंद्र गोस्वामी आदि के अलावा नगर पालिका के 26 वार्ड के पार्षदों के शामिल होने की संभावना है।

### महिला मोर्चा की 10 पदाधिकारियों ने सपा की सदस्यता ली

नगर पालिका उपचुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं पीडीए की विचारधारा से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आयीं दस महिला पदाधिकारियों ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के समक्ष बीजेपी छोड़कर सपा का दामन थाम लिया। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने महिला नेत्रियों को सपा की सदस्यता दिलाते हुए उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के फार्मूले पर लगातार आगे बढ़ रही है। जो पीड़ित हैं, वह पीडीए का हिस्सा है। हम लोगों का सम्मान एवं न्याय की बात करते हैं, और भाजपा केवल जुमले की पार्टी बनकर रह गई है। भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है, सपा गांव, गरीब, किसान, शोषित, पीड़ित वंचितों की पार्टी है। इस दौरान बीजेपी छोड़कर आयीं भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री रजिया बानो, जिला मंत्री सरजू अहिरवार, महामंत्री प्रेम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी अहिरवार, जिला कार्यकारिणी सदस्य ममता यादव, संगीता अहिरवार, सुखवती अहिरवार, नसरीन बानो, पुष्पा यादव, संविता रजक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं जाने का संकल्प लिया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने उनका स्वागत सम्मान किया।

---

**नवरात्रि पर धार्मिक माहौल**

## सर्वेश्वर धाम में राम कथा में किया गया धनुष यज्ञ

**ललितपुर।** नगर में इन दिनों नवरात्रि पर धार्मिक माहौल है। श्रद्धा और भक्ति के साथ भक्तजन ब्रत उपवास कर रहे हैं। सर्वेश्वर धाम गोविंद सागर बांध कॉलोनी में संगीत में राम कथा जगतगुरु कृष्णागिरी महाराज द्वारा इन दिनों चल रही है। राम कथा में भव्य धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें महराज जी ने बताया कि गुरू विस्वामित्र ने कैसे राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगा फिर वन में तड़का वध किया फिर अहिल्या उद्धार करते हुए जनक पुर पहुंचे वहां महराज जनक का संकल्प पूर्ण करते हुए धनुष यज्ञ भग किया। भव्य राम कथा के आयोजन में भक्त जन पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं । व्यास गादी पर विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री अक्षय



अलया, मीडिया प्रभारी मनोज जैन ने जगतगुरु महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से विश्व हिंदू महासंघ के धर्माचार्य प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश बाबा,सुरेंद्र नारायण शर्मा,जिला अध्यक्ष रवि राठौर, गिरजा शंकर दुवे,प्रदीप गोस्वामी लक्ष्मी नारायण साहू अशोक नामदेव, जगदीश गोस्वामी, एडवोकेट कौशल किशोर गोस्वामी, पूनीत नगाइच, राजू आदित्य गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

---

**डीएम ने की लोगों की विशेष जनसुनवाई**

## 86 मामले निपटाए, 40 का समाधान करेंगे



**ललितपुर।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व समयबद्ध निस्तारण के लिए की जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली की नई पहल विशेष जनसुनवाई जिले के निवासियों को बड़ी राहत दे रही है, विशेष जनसुनवाई के अंतर्गत जहां लोगों की शिकायतें निर्धारित समय अवधि में निस्तारित हो रही हैं तो वहीं दैनिक प्राप्त होने वाली शिकायतों में भी भारी कमी देखने को मिल रही है। इसी के क्रम में 28 सितंबर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुनः विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अधिकारियों और शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए और जिला प्रशासन की पहल की सराहना की। विशेष जनसुनवाई में कुल 126 शिकायतें आईं थीं, जिनमें से 86 शिकायतों का निस्तारण कराया दिया गया और शेष 40 शिकायतों के लिए तिथि निर्धारित करते हुए अधिकारियों को समयसीमा में निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में, गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। इसके साथ ही जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को आगामी तिथि में निस्तारण आख्या सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सादर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

---

### दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ उड़ाए नकदी व जेवर

**ललितपुर।** शहर में बेखौफ चोरों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। सिविल लाइन कपिल गेस्ट हाउस के पीछे स्थित मकान में शनिवार की रात करीब 7 से 8 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर भीतर रखा 20 हजार रुपये नकद और कीमती जेवरात पार कर दिए। पीड़ित प्रमोद कुमार चौबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना के समय उनका परिवार नीचे वाले कमरे में था, तभी चोर पीछे से दूसरे मंजिल के कमरे का कच्चा दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर नकदी व जेवरात उड़ा ले गए। बाद में जब कमरे की तलाशी ली गई तो अलमारी टूटी हुई और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पुलिस गश्त के बावजूद चोर इतनी बड़ी वारदात को कैसे अंजाम देकर फरार हो गए? पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

---

**ललितपुर में फर्जी लोन घोटाला**

## पिता की आत्महत्या से चर्चा में आया था मामला, पुलिस जांच पर सवाल

**ललितपुर।** जिले में एक हाईप्रोफाइल धोखाधड़ी मामले में पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। शिवम राठौर नामक युवक के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के जरिये करीब 1.71 करोड़ रुपये का बिजनेस लोन लेने का आरोप था, जिसके तहत उसे सख़्त गैर-जमानती धाराओं में क़ानूनी कार्रवाई झेलनी पड़ी थी। अब विवेचना में गंभीर धाराएं हटाकर केवल धारा 341(2) लगाई गई है, जिससे मामला जमानती हो गया है। साथ ही, आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई के दबाव में शिवम के पिता ने आत्महत्या कर ली। न्यायालय ने एसआईटी के सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है और उत्तर न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। शिवम राठौर समेत अन्य पर बिजनेस लोन के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने और उपयोग करने का आरोप था। पहले 61(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस जैसी गंभीर धाराएं लगाई गईं, जिनमें आजीवन कारावास तक की सजा है। विवेचक ने अब जांच में पाया कि शिवम के विरुद्ध गंभीर अपराध की पुष्टि नहीं हुई, केवल धारा 341(2) बीएनएस जमानती तौर पर बढ़ाई गई। गवाहों के रूप में पड़ोसी दुकानदारों के ही बयान लिए गए, जिससे गंभीर अपराधों की धाराएं हटाई गईं। अदालत को बिना सूचना दिए बीच में ही गंभीर धाराएं हटाकर हल्की धारा में मामला बदल दिया गया। आरोप है कि पुलिस द्वारा इस गलत कार्यवाही का आरोप लगाते हुये दबाव में शिवम के पिता ने आत्महत्या कर ली। अदालत ने एसआईटी जांच करने वाले अधिकारी समेत ललितपुर पुलिस अधीक्षक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 210(1)(सी) के तहत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ स्पष्टीकरण तलब। 1 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण नहीं आया तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पुलिस विवेचना की पारदर्शिता पर सवालों को उठाता है।

---

**नवरात्रि उत्सव के दौरान रामलीला का छठवां दिन**

## परशुराम लक्ष्मण संवाद व श्रीराम विवाह का मंचन किया

**ललितपुर।** श्री लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के छठवें दिवस में परशुराम लक्ष्मण संवाद व श्रीराम विवाह की लीला का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन के श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के प्रथम दृश्य में परशुराम राजा जनक की सभा में पहुँचते हैं और शिव धनुष को टूटा हुआ देखकर क्रोधित हो जाते हैं। उनको पता लगता है कि धनुषभंग राम ने किया है तो वह राम को ललकारते हैं। यह सुन लक्ष्मण को भी क्रोध आ जाता है। उनकी परशुराम जी के साथ तीखी नोंकझोंक होती है लेकिन राम बार-बार बीच में आकर लक्ष्मण को समझा बुझा कर शांत करते हैं। श्रीराम के विनम्र शील स्वभाव को देखकर परशुराम का क्रोध शांत हो जाता है। श्रीराम को विष्णु अवतारी जानने के बाद



परशुराम उनको अपना फरसा सौंपकर सभा स्थल से चले जाते हैं।

अगले दृश्य में राजा जनक द्वारा ब्राह्मण और नाई को एक पत्र के साथ अयोध्या भेजा जाता है जिनके माध्यम से राजा दशरथ को स्वयंवर सभा का पूरा समाचार मिलता है। गाजे बाजे के साथ भव्य बारात जनकपुर पहुँचती हैं।बारात का जोरदार स्वागत हुआ। घोड़े पर सवार चारों दशरथ कुमारों का द्वारचार टीका संस्कार हुआ। राजा जनक और कुशध्वज द्वारा टीका करने का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गये।तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्री राम -जानकी का विवाह संपन्न हुआ। साथ ही जनक के अनुज कुशध्वज की तीनों पुत्रियों माण्डवी, उर्मिला और सुतकीर्ति का क्रमशः भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ परिणय संस्कार संपन्न होता है इसके बाद भगवान श्री राम की आरती की जाती है और लीला को यहीं पर विराम दिया जाता है।

कार्यक्रम में आयोजक महन्त गंगादास महाराज श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर, पूर्व सदर विधायक रमेश कुशवाहा ,प्रदीप चौबे कौस्तुव चौबे निखिल तिवारी मुन्ना लाल जैन रमेश सिंह लोधी रामेश्वर प्रसाद सडैया, बब्बू राजा बुन्देला,वी. के. सरदार, अजय तिवारी नीलू , प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव कुमार बबेले संजय ड्योडिया, अजय पटैरिया, भगवत नारायण वाजपेयी, गिरीश पाठक,राव राजा, अशोक पटैरिया विलास पटैरिया, उदित , राकेश बिहारी वैध ,रानू राजा ,राजेन्द्र वाजपेयी, मनीष विश्वकर्मा, मनीष सडैया, हदेश हुण्डैत, विवेक सडैया, हरीशंकर साहू,अजय नायक, प्रभाकर शर्मा, अजय तोमर, छक्की लाल साहू, हरि यादव, अनुज दीक्षित, डा विक्रांत तोमर, कल्लू तिवारी, मुकेश गुप्ता, शान्त सागर साहू, चंदे साहू, शीलचंद पप्पी सिंघई विनय मिश्रा अरविंद संज्ञा आदि मौजूद रहे।

### मुस्कान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कथक शैली नृत्य का किया था प्रस्तुतिकरण

# मलेशिया में फहराया भारत का परचम, पुष्पद समाज ने किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साउथईस्ट एशिया के बड़े और प्रसिद्ध देशों में शुमार मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में विगत दिवस अखिल लोककला कल्चरल आर्गेनाईजेशन द्वारा इंटरनेशनल डांस ड्रामा म्यूजिक कॉम्पिटिशन का आयोजन करवाया गया था। इस आयोजन में राजगढ़ नगर की बेटी मुस्कान पिता राधारमण पुष्पद ने ओपन कैटेगरी में सेमी-क्लासिकल कथक शैली में नृत्य की अद्धितीय प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

मलेशिया में भारत का नाम रोशन करके आई राजगढ़ नगर की इस बेटी का शनिवार को पुष्पद समाजजनों ने स्वागत, अभिनंदन करते हुए मुस्कान के उपलब्धि की सराहना की। मुस्कान बताती हैं कि उन्होंने अपनी गुरु इंदौर निवासी अर्चना बेनर्जी की प्रेरणा से काफी कत्थक शैली नृत्य का काफी अभ्यास किया और अंततः उन्होंने इस अंतराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन करने का मौका मिला और उन्होंने इसमें फर्स्ट प्राइज पाया। मुस्कान की गुरू बेनर्जी ने इसे मुस्कान की स्वयं की मेहनत और जज्बा करार दिया है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज मलेशिया में फहराकर देश का नाम रोशन करने वाली मुस्कान को प्रोत्साहित करने फूलमाली पुष्पद समाज के अनेकों पदाधिकारियों ने बिटिया मुस्कान को फूलमाला, गुलदस्ता, मिठाई खिलाते हुए स्वागत अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की कामना की।

### बेटियों को हर क्षेत्र में आगे रखना चाहिए

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि न केवल पुष्पद समाज बल्कि अन्य समाजों को भी बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भविष्य संवारने से जुड़े हर क्षेत्रों में आगे रखना चाहिए। मुस्कान की इस उपलब्धि ने न केवल पुष्पद समाज बल्कि पूरे जिलेवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

### फूलमाली पुष्पद समाज से ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष जगदीश पुष्पद, नगर अध्यक्ष गोपाल पुष्पद, श्याम सुंदर पुष्पद, उपाध्यक्ष महेश पुष्पद, ऑडिटर लक्ष्मीनारायण पुष्पद, महामंत्री कमल पुष्पद, संगठन मंत्री किशोर पुष्पद, सलाहकार नरेंद्र पुष्पद, राजेंद्र पुष्पद, घनश्याम पुष्पद, मीडिया प्रभारी जीतेंद्र पुष्पद, सह-कोषाध्यक्ष दिलीप पुष्पद, राकेश पुष्पद, राजेंद्र पुष्पद, संदीप पुष्पद, मांगीलाल पुष्पद, राजेश पुष्पद सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।

### स्कूल का भी संचालन करती है मुस्कान

कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पाने वाले मुस्कान पुष्पद अकेले नृत्य कला में ही पारंगत नहीं हैं बल्कि वे राजगढ़ नगर में गुरुकुल स्कूल का संचालन भी करती हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले की अन्य बेटियों को जहां काफी प्रेरणा मिली है।

# 114 किसानों से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गल्ला व्यापारी गिरफ्तार

### किसानों को विश्वास में लेकर करते थे 15 से 30 दिन की उधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



थाना खिलचीपुर पुलिस ने 114 किसानों के साथ धोखाधड़ी कर 2,32,10000 रुपये का गबन करने वाले गल्ला व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से त्वरित कार्यवाही करते हुए 114 किसानों के साथ धोखाधड़ी कर फसल खरीदने एवं 2 करोड़ 32 लाख 10 हजार रूपये का गबन करने वाले व्यापारी सोनी ब्रदर्स राजू पिता मोहन बाबू सोनी निवासी छापीहेड़ा, राकेश उर्फ रवि पिता मोहन बाबू सोनी निवासी छापीहेड़ा को गिरफ्तार किया है।

9 मई 24 को फरियादी कैलाशचंद पिता नारायण दांगी निवासी ब्यावरकला ने किसानों के साथ थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि फसल खरीदने वाले व्यापारी राजू सोनी और रवि उर्फ राकेश सोनी निवासी ब्यावरा कला के द्वारा किसानों को विश्वास में लेकर 15 दिन से लेकर 1 महीने की उधारी में फसले खरीदी व्यापारी द्वारा पूर्व में किसानों को विश्वास में लिया उसके बाद धोखाधड़ी कर 114 किसानों की 2,32,10000 रूपये की राशि का गबन किया है। घटना की गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खिलचीपुर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गये थे। 21 सिंतबर 25 को फरियादी गोपाल दांगी निवासी ब्यावराकला के द्वारा अपराध क्रमांक 377/25 धारा 420,409 आईपीसी का पृथक से पंजीबद्ध कराया गया। पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपीयो की खोजबीन कर लगातार कठिन परिश्रम उपरांत थाना सिलवानी जिला रायसेन से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# स्वदेशी को अपनाओ विदेशी वस्तुओं का करो बहिष्कार : विधायक शर्मा

**कुरावर।** शनिवार को दोपहर 12 बजे नगर के मार्केटिंग सोसायटी परिसर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत को लेकर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बैठक के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ लगाकर हमें आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को स्वीकार करने का नारा पूरे देश में दिया है और उसकी चर्चा प्रारंभ हो चुकी है। हम सब को मिलकर यह संकल्प लेना है कि हमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की, 7 प्रकरण दर्ज



**सारंगपुर।** आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के तहत अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर राजगढ़ डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा शुक्रवार को संडावता-लीमाचैहान क्षेत्र में कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान साबरश्या, सुस्याहेड़ी, ग्राम कुपा, भेसवा, बदेशी, भवानीपुरा, अमलावता एवं जमनागंज में 11 संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 36(इ) के अंतर्गत 7 प्रकरण कायम किए गए एवं 4 खाली तलाशी बनाई गई। कार्रवाई में कुल 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 16 पाव देशी प्लेन मदिरा, 14 बियर बोतलें और 1 अंग्रेजी एम.डी. रम क्वार्टर जप्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 6360 आंकी गई।

## सोहेल ने किया शानदार प्रदर्शन, साइकिलिंग में पाया द्वितीय स्थान

**कुरावर।** नरसिंहगढ़ में आयोजित 69वीं संभागीय स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में होली एंजेल स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र सोहेल खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 26 सितंबर 2025 को भव्य रूप से संपन्न हुई। यहां बड़ा ही हर्ष की बात है कि बालाघाट में होने वाले राज्य स्तरीय साइकलिंग मुकाबले में सोहेल भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नीलामी से प्राप्त राशि से होगा नगर का विकास

**माचलपुर।** नगर परिषद द्वारा अपनी निधि से गोघटपुर रोड पर स्थित मुक्तिधाम परिसर में 70 लाख की लागत से 15 दुकानों के निर्माण का शनिवार को भूमि पूजन विधायक हजारीलाल दांगी व न.प. अध्यक्ष गीताबाई मालवीय ने किया। इस अवसर पर विधायक दांगी ने बताया दुकानों नीलामी से प्राप्त राशि से मुक्तिधाम परिसर का समुचित विकास किया जाएगा।

### शिविर का लाभ एक सैकड़ा लोगों ने उठाया

# गुना डाक संभाग ने लगाया स्कूल में आधार का शिविर

**गुना।** राष्ट्रीय जागरूकता एवं प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार की मंशा शासकीय सेवा आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय डाक विभाग डाक संभाग गुना के द्वारा एक अभियान डाक परिवार आपके द्वार प्रारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों में डाकघर के द्वारा आधार कैंप, जागरूकता कार्यक्रम, डाक विभाग की बचत योजनाओं, पीएलआई, आरपीएलआई और फिलेटैली से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर, जनता को डाक घर की जन हितैषी योजना से जागरूक किया जा रहा है।



इसी कड़ी में गुना डाक अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी के निर्देशन में डाक विभाग ने गोविंद गार्डन कॉलोनी गुना के एक निजी स्कूल प्रांगण में स्कूल संचालक के विशेष अनुरोध पर 27 सितंबर को आधार शिविर लगाया। इस शिविर में स्कूल के विद्यार्थी गोविंद गार्डन, लुशन बगीचा एवं शिव कॉलोनी के निवासियों ने आधार शिविर का लाभ लेकर, अपने आधार में अपना पता, जन्म दिनाक , मोबाइल नंबर आदि चेंज कराए। साथ ही नए आधार भी बनाए। डाक अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि डाक विभाग अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए, समाज के बेहतर कल के लिए, लगातार प्रयत्नशील है , इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आम नागरिकों के आधार संबंधी कार्यों के लिए यह शिविर लगाया गया है। इस शिविर का लाभ लगभग एक सैकड़ा आम जन ने उठाया। शिविर में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक प्रशांत व्यास, डाक विभाग के सचिन तिवारी, अजय भगत, आलोक कटियार, शिवम रघुवंशी, अर्पित श्रीवास्तव आधार ऑपरेटर नित्या छारी, प्रियंका छारी, रामू अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, स्कूल प्राचार्य विनेश नारायण, स्कूल शिक्षक वंशिका वर्मा, राविया खान का सराहनीय सहयोग रहा।

### आयोजन के द्वितीय दिवस सैकड़ों दर्शक व भक्तगण हुए शामिल

# माता की भक्ति में लीन होकर रमे श्रद्धालु

**राजगढ़।** नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर में तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' का आयोजन करवाया जा रहा है। उत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार रात्रि नगर की बालिकाओं, युवतियों एवं मातृ-शक्तियों द्वारा की गई गरबे की अद्धितीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों, श्रृद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।




गरबा उत्सव में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भी गरबे की सुंदर प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही नगर की करीब 400 से अधिक मातृ-शक्तियां प्रतिदिन उत्सव में शामिल होकर माता की आराधना करते हुए गरबे की सुंदर प्रस्तुति दे रही हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन का कल रविवार रात्रि को भव्यता के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजकों सहित पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी यातायात, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुख्ता इंतेजामात किए गए। संपूर्ण आयोजन की सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

## महात्मा गांधी महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप लगाया



**कुरावर।** शनिवार को महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर में बालिकाओं के लिए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के प्राचार्य विजय आठवले ने बालिकाओं को लाइसेंस का महत्व समझाया। कार्यक्रम में आरटीओ अधिकारी छोटेलाल जाटव राजगढ़ एवं कुरावर थाना टीआई संगीता शर्मा एवं महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी विनोद जायसवाल,इलियास बैग, माखन मीणा, निकेत मीणा, शिवानी पालीवाल आरती मीणा, शिवानी साहू एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मंडी प्रांगण में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ व ब्यावरा मण्डी मजदूर संघ के अनुरोध पर रेड क्रॉस सोसाइटी राजगढ़ द्वारा मंडी प्रांगण ब्यावरा में 26 सितंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुशवाह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ब्यावरा रहे विशेष अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा,रेड क्रॉस सोसाइटी जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ,भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा संरक्षक बापूजी सुमन, तुलावटी मजदूर महासंघ प्रदेश मंत्री धीरज नागर, भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष सूर्य किरण शर्मा डॉक्टर राकेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना द्वारा की गई मुख्य अतिथियों का स्वागत तुलावटी संघ अध्यक्ष गोपाल शर्मा व अन्य तुलावटी साथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह का स्वास्थ्य परीक्षण कर की गई इसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में उपस्थित मजदूर कर्मचारी वर्ग आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर एवं दवा गोली वितरण की गई। शिविर में मंडी कर्मचारी ब्यावरा एवं सभी तुलावटी भाइयों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में मंडी सचिव अशोक कुमार ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## रामलीला मंचन में हुआ सीता हरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव शिव चौक में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के द्वारा आयोजित राम चरित्र मंचन प्रसंग में सुंदरी सूर्पनखा द्वारा राम लक्ष्मण से शादी का प्रस्ताव जहां पर लक्ष्मण ने सूर्पनखा को बहुत समझाया लेकिन जब वह नहीं मानी तो सूर्पनखा की नाक लक्ष्मण जी ने काट डाली। सूर्पनखा ने खर, दूषण, रावण को संदेश दिया कि वन में राम अपनी भार्या एवं भाई के साथ पंचवटी में रह रहे उन्होंने मेरी नाक काटी।खर एवं दूषण ने राम पर आक्रमण किया जहां दोनों को राम द्वारा मारा गया। फिर रावण ने माया रची और मारीच नामक राक्षस को मृग का स्वरूप बनावा कर भेजा छली मारीच जो मृग बना था मारीच का पीछा किया छली मारीच ने राम राम पुकारा जिससे सीता जी को ऐसा महसूस हुआ कि राम संकट में है उन्होंने लक्ष्मण को राम के पास जाने के लिए बाध्य किया। इसी बीच रावण ने ब्राह्मण के वेश में सीता हरण किया। गिद्ध राज ने रावण को रोकने का प्रयास किया लेकिन रावण ने गिद्ध राज के पंख काट दिए राम गिद्ध राज भेंट जहां पर राम को गिद्ध राज ने बताया कि रावण माता सीता को हरण कर दक्षिण दिशा में ले गया।

### बच्चों की एकाग्रता और अभ्यास ने खुद को बेहतर साबित करने लगाई ताकत

# श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में उत्साह से शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में करीब 50 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। नृत्य में बच्चों की एकाग्रता, ऊर्जा और अभ्यास ने खुद को बेहतर साबित करने में अपनी पुरजोर ताकत लगाई, जिसे सभी ने खूब सराहा। मंदिर धाम पर नृत्य प्रतियोगिता में नगर के पांच बड़े स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा से सभी को अचंभित कर दिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सभी ने अपनी नृत्य कला के साथ ही एक कलाकार के रूप में विविध कलाओं का जो प्रदर्शन किया वह अद्भुत था।



रामचरित मानस, गणेश वंदना, नवरात्रि आदि थीम पर जिस प्रकार नृत्य प्रस्तुत किया वह सभी को आश्चर्य चकित कर देने वाला था। प्रतियोगिता में जज के रूप में बच्चों की प्रतिभा परखने आई डांस शिक्षिका नेहा भद्रवाले, मुस्कान पुष्पद राजगढ़ और जितेन्द्र सिंह भाटी पिंकी ने भी आश्चर्यचकित होकर बच्चों की प्रतिभा को सराहा। स्थानीय बच्चों ने कम साधन और थोड़े अनुभव के आधार पर समर्पण और अपनी ऊर्जा से नृत्य में जिस प्रकार जीवंतता लाई वह अद्भुत था। बच्चों के साथ उनके नृत्य शिक्षक-शिक्षिका, प्राचार्य, सांचालकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसी का परिणाम रहा कि श्री अंजनीलाल धाम पर इन प्रतिभाओं की प्रस्तुति ने बड़े शहरों की ही नहीं इंडियन आईडियल जैसी प्रतियोगिताओं जैसा दृश्य निर्मित कर दिया।

प्रतियोगिता में प्रोग्रिसिव हाईट्स, ज्योति कान्वेंट, एमटीएम, लर्निंग किड्स, विवेकानंद स्कूल, मानस विद्यालय आदि के बच्चों ने भाग लिया। प्रारंभ में अतिथि के रूप में मौजूद सभी जज ने बच्चों को मार्गदर्शित करते हुए उन्हें नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया। प्रारंभ में मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मुरारी अग्रवाल चाचा, सदस्यगण इंजी. गिरराज कसेरा, प्रो. प्रमोद खरे, राजेश पालीवाल पूर्णिमा, नीरज मंगल, पंकज शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## खुजनेर में मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी ने निकाला भव्य संचलन




### सैकड़ों मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कदमताल में लिया भाग

**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद मध्यभारत प्रांत के निर्देशानुसार मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में रविवार को नगर में भव्य संचलन निकाला गया। संचलन में सैकड़ों मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कदमताल करते हुए भाग लिया। संचलन का शुभारंभ सुबह 11 बजे मांगलिक भवन बस स्टैंड से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मांगलिक भवन पर संपन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शक्ति यात्रा का स्वागत किया। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत सह संयोजिका आकांक्षा दुबे ने कहा कि आज का समय हिंदू समाज को एकजुट होने का है, मतभेदों में खोने का नहीं उन्होंने मातृ शक्ति से आह्वान किया कि हिंदू बहन-बेटियां विधर्मियों से सावधान रहें और सतत धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में आगे आएं कार्यक्रम उपरांत सभी मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों को अल्पाहार कराया गया।